# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
### पूर्व छात्रा बैठक

दिनांक 19/07/2018

आज दिनांक 19.07.2018 को महाविद्यालयीन पूर्व छात्राओं ने IQAC में एक बैठक आयोजित की जिसमें महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षायें आरंभ होने पर प्राचार्य एवं समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। पूर्व छात्राओं ने प्राचार्य की सहमति से निर्णय लिया की महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं का संघ गठित कर शीघ्र पंजीकृत किया जाए इस संदर्भ में पदाधिकारियों के नाम एवं नियमावली का निर्धारण करने हेतु दिनांक 20.07.2018 को दोपहर 01:30 बजे बैठक आयोजित की जायेगी।

### Action Taken Report

- 20.07.2018 को पूर्व छात्राओं की बैठक का आयोजन कर सदस्यों का मनोनयन किया गया। IQAC के इस आयोजन में छात्राओं ने अपनी एक समिति बनाने का फैसला किया गया। जिसे रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीयन कराया जाना प्रस्तावित किया गया। छात्राओं द्वारा अपने पदाधिकारियों का चयन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव का चयन सर्व समिति से किया। एवं छात्राओं ने पंजीयन शुल्क 100/– प्रति छात्रा लिया जाना भी प्रस्तावित किया गया।
- पूर्व छात्र संगठन का गठन इस प्रकार किया गया।

संरक्षक :– प्राचार्य
अध्यक्ष :– उर्वशी विनोदा
उपाध्यक्ष :– शकुन्तला मीणा
सचिव :– निहारिका राय
कोषाध्यक्ष:– श्री विनोद शर्मा
समन्वयक:– डॉ. प्रतिमा खरे
कार्यकारणी:– मेघा सोनी
विद्या मीणा
दिक्षा त्यागी
जीनत
हिमांशी खत्री
रिचा नामदेव
आकांक्षा कन्नोदिया
अंशिका कन्नोदिया
नेहा खंडाग्रे
फरीन खान

समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

प्राचार्य एवं अध्यक्ष
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

Principal
Govt. Girls College
SEHORE (M. P.)

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
### बैठक

दिनांक 11/09/2018

आज दिनांक 11.09.2018 को बैंक मेनेजर (स्ट्रेक होल्डर) के साथ आई.क्यू.ए.सी. की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निम्नानुसार जानकारी दी गई।

1. महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को एस.बी.आई. बैंक की नवीनतम सुविधाओं एवं सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।
2. साथ ही "बैंकिंग फ्रोड" (बैंक कपट) की विस्तृत जानकारी दी गई।
3. "योनो" के माध्यम से मोबाइल के माध्यम से एस.बी.आई. की विभिन्न सुविधाओं का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही लोन के लिए भी आवेदन कर सकते है।
4. एस.बी.आई. में खाते खुलवाने के क्या–क्या लाभ है उसकी जानकारी दी जैसे एस.बी.आई. खाता धारकों को 01 से 15 लाख तक का बीमा बैंक के माध्यम से कराया जाता है बिना किसी प्रीमियम के लिए हुए।
5. एस.बी.आई. की हाउसिंग टॉपअप पर्सनल लोन के बारे में बताया गया।

### Action Taken Report

- महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों को ऑनलाईन बैंकिग सुविधा के उपयोग के बारे में जानकारी प्राप्त हुई एवं उनकी बैंक संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया।
- आयकर से छूट प्राप्त करने के उद्देश्य से SBI के गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण एवं कार ऋण संबंधी सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया।

समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

प्राचार्य / Principal
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
Govt. Girls College
SEHORE (M.P.)

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
### बैठक

दिनांक 13/11/2018

आज दिनांक 13.11.2018 को शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ के साथ प्राचार्य कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें "एलूमनी मीट" एवं शिक्षक–अभिभावक बैठक के आयोजन हेतु चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया कि दिसंबर के प्रथम/द्वितीय सप्ताह तक आयोजित कर अभिभावकों एवं पूर्व छात्राओं से फीडबैक फार्म भरवा कर प्राचार्य को सभी विषयों के प्राध्यापक/सहा. प्राध्यापकों के द्वारा प्रस्तुत किया जाये।

आई.क्यू.ए.सी. द्वारा इस संदर्भ में प्राथना सभा में प्रतिदिन सूचित कर अधिक से अधिक संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति हेतु प्रेरित किया जावे। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि साथ की प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से अभिभावकों को सूचित किया जावे।

पूर्व छात्रा अभिभावक शिक्षको एवं शिक्षण संबंधी फीडबैक फार्म कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार संख्या में नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह तक छपवाने का कार्य पूर्ण किया जावे।

Action Taken Report

- प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों एवं अन्य हितग्राहियों से प्राप्त फीडबैक का विश्लेषण किया गया।
- पूर्व छात्राओं को सूचित कर दिनांक 10.12.2018 को एक बैठक एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।

Bjaya
प्रभारी समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

SVarma
प्राचार्य एवं अध्यक्ष
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
Principal
Govt. Girls College
SEHORE (M.P.)

कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

पूर्व छात्रा बैठक

दिनांक 10 / 12 / 2018

आज दिनांक 10.12.2018 को आई.क्यू.ए.सी. के अंतर्गत पूर्व छात्राओं की बैठक का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। छात्राओं द्वारा वर्तमान में क्या कार्य किया जा रहा है तथा उनकी भविष्य की क्या योजना है इस संबंध में चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हे भविष्य में रोजगार प्राप्ति हेतु विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जो श्री अभिनव राय (आई.टी.सी. सुनहरा कल प्रथम एजुकेशन फाउन्डेशन) द्वारा दिया गया। जिन्होने अपने व्याख्यान में स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम, स्वरोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकरी एवं रोजगार तलाश करने में कठिनाईयों का अनुभव विषय पर अपने विचार छात्राओं को दिए।

Action Taken Report

- संबंधित व्याख्यान से विद्यार्थी लाभांवित हुए एवं धन्यवाद के साथ बैठक का समापन किया गया।

प्रभारी / समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

प्राचार्य एवं अध्यक्ष
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

Principal
Govt. Girls College
SEHORE (M. P.)

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
### बैठक

दिनांक 22/12/2018

आज दिनांक 22.12.2018 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित आई.क्यू.ए.सी. बैठक के मिनट्स।

बैठक का एजेण्डा

1. शिक्षक अभिभावक बैठक/मीटिंग का आयोजन।
2. आई.क्यू.ए.सी. द्वारा राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन।
3. विद्यार्थियों हेतु विषयवार सेमीनार का आयोजन।
4. रेमेडियल कक्षाओं को प्रारंभ करना।
5. एन.एस.एस. द्वारा युवा संसद का मंचन।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई–

1. सर्वप्रथम पूर्व बैठक दिनांक 13.11.2018 के निर्देशानुसार शिक्षक अभिभावक बैठक के आयोजन न हो पाने के कारण आगामी दिनांक 16.01.2019 को अनिवार्यतः शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित करने हेतु प्राचार्य द्वारा सभी स्टॉफ को आदेशित किया गया।
2. महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग एवं स्पोर्ट्स विभाग में वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु जनभागीदारी मद से स्वीकृत राशि द्वारा राष्ट्रीय सेमीनार आयोजन हेतु चर्चा हुई। इस संदर्भ में निम्न तिथियां प्रस्तावित की गई–
   वनस्पति शास्त्र विभाग – दिनांक 25 फरवरी 2019
   स्पोर्ट्स – दिनांक 15 फरवरी 2019
3. विद्यार्थियों में विषय ज्ञान एवं प्रस्तुतीकरण कौशल विकास हेतु कक्षावार सेमीनार के आयोजन हेतु फरवरी माह तक का समय निर्धारित किया गया।
4. कमजोर विद्यार्थियों हेतु रेमेडियल कक्षाएं सभी संकायो में प्रारंभ करने हेतु डॉ. जी.एल.जैन को प्रभारी बनाया गया। इस संदर्भ में वर्ल्ड बैंक परियोजना द्वारा प्रदत्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु प्राचार्य द्वारा निर्देश दिए गए। आयोजन में आई.क्यू.ए.सी. का सक्रिय सहयोग रहेगा।
5. विद्यार्थियों में राजनैतिक ज्ञान वर्धन एवं राजनैतिक प्रक्रिया की समक्ष विकसित करने हेतु एन.एस.एस. द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2019 को युवा संसद का आयोजन किया जाए।

### Action Taken Report

- महाविद्यालय द्वारा विधानसभा चुनाव आचार सहिता के समाप्त होने पश्चात माह जनवरी 2019 में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित कर अभिभावकों का अभिमत/फीडबैक प्राप्त किया गया।
- IQAC के सहयोग से महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा जनभागीदारी मद से दिनांक 15 फरवरी 2019 को ''व्यक्तित्व शारीरिक शिक्षा, योग एवं स्पोंट के माध्यम से व्यक्ति विकास'' विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया।

- IQAC के सहयोग से महाविद्यालय के वनस्पति विभाग द्वारा जनभागीदारी मद से दिनांक 25 फरवरी 2019 को ''पर्यावरण असंतुलनः कारण एवं निदान'' विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय के गणित, प्रबंध, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा विद्यार्थी सेमीनार आयोजित किये गये।
- विश्व बैंक योजना अंतर्गत प्रथम वर्ष बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. हेतु रेमेडियल कक्षाओं का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 24.01.2019 को युवा संसद का आयोजन किया गया।

समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

प्राचार्य एवं अध्यक्ष
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

Principal
Govt. Girls College
SEHORE (M. P.)

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

बैठक दिनांक 14/01/2019

दिनांक 14.01.2019 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित आई.क्यू.ए.सी. बैठक

बैठक का एजेण्डाः– नेक एस.एस.आर. की तैयारी हेतु टीम का निर्धारण

दिनांक 11.01.2019 को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वर्कशॉप में दिये गये निर्देशानुसार महाविद्यालय के नेक प्रत्यायन हेतु नेक की बेवसाइट पर उपलब्ध निर्देशानुसार एस.एस.आर. तैयार करने हेतु निम्ननुसार प्रभारियो के साथ **IQAC** में जानकारियां एकत्रित करने एवं आवश्यक संलग्नक तैयार करने हेतु विभिन्न **Criteria** अनुसार समितियां बनाई गई –

| | |
|---|---|
| Executing Summary & Profile of the Institute | Dr. Jaya Sharma |
| | Dr. Sudha Lahoti |
| | Dr. Varun Singh |
| | Mr. Ravi Virha |
| Criteria 1 | Dr. Jaya Sharma |
| | Dr. Varun Singh |
| | Miss. Jyotsna Vishwakarma |
| Criteria 2 | Dr. Sudha Lahoti |
| | Dr. Sadiq |
| | Mrs. Pooja Rathore |
| Criteria 3 | Dr. Manjari Agnihotri |
| | Mr. Omprakash Parmar |
| | Mr. Ramakant Richhariya |
| Criteria 4 | Dr. G.L. Jain |
| | Dr. Pratibha Soni |
| | Miss. Noorjahan Hashmi |
| Criteria 5 | Mrs. Archana Chauhan |
| | Dr. Kalika Dolas |
| | Mrs. Indu Mangroliya |
| Criteria 6 | Dr. Rajesh Bakoriya |
| | Dr. Anoop Singh |
| | Mr. Kamal Maheshwari |
| Criteria 7 | Dr. Amol Manjrekar |
| | Dr. Neeta Mishra |
| | Mr. Akbar Ali |

- Mrs. Bharti Saxena, Miss Jyotsna and Brijesh Vishwakarma will help in documentation

- Office Committee - Mr. Vinod Sharma
  Mrs. Archana Sengar
  Sakshi Tamrakar
  Mr. K.N. Vishwakarma

Action Taken Report

- **IQAC** टीम एवं महाविद्यालयीन सदस्यों के सहयोग से **SSR** की तैयारी प्रारंभ की गई।

समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

प्राचार्य एवं अध्यक्ष
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
SEHORE (M. P.)

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
### बैठक

दिनांक 01/02/2019

आज दिनांक 01.02.2019 को कक्ष क्रमांक 26 में आयोजित आई.क्यू.ए.सी. बैठक के अंश

बैठक का एजेण्डाः– पूर्व बैठक 14.01.2019 को दिये गये कार्य की प्रगति की जानकारी।

दिनांक 01.02.2019 को कक्ष क्रमांक 26 में आयोजित आई.क्यू.ए.सी. बैठक में सर्वप्रथम पूर्व में बैठक में प्रदान किये गये कार्य के संदर्भ में कार्य प्रगति एवं समस्याओं पर चर्चा की गई। प्राचार्य द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि विगत नेक के पश्चात की अवधि संबंधी जानकारियां विभागवार शीघ्र तैयार कर प्रकोष्ठ को सूचित करें। बैठक में समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित था।

Action Taken Report

- SSRजानकारियां तैयार करने के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान किया गया।
- कम्प्यूटर कार्य हेतु प्राचार्य द्वारा कार्यालय से 01 सहयोगी की व्यवस्था की गई।
- संकायवार विद्यार्थियों के ई–मेल प्राप्त करने हेतु सूचियां तैयार की गई।
- विभिन्न गतिविधियों के रिकॉड संग्रहित किये गए।

समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

प्राचार्य/Principal
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
Govt. Girls College
SEHORE (M. P.)

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
### बैठक

दिनांक 01/03/2019

महाविद्यालयीन विकास में विद्यार्थियों एवं अभिभावक की सकिय सहभगिता सुनिशचित करने हेतु आज दिनांक 01/03/2019 को प्राचार्य कक्ष में दोपहर 2.30 बजे महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों के कुछ प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई एवं निम्मनुसार निर्णय लिये गये–

1. विभिन्न संकायौ एवं कक्षाओं से लगभग 10–15 सक्रिय छात्राओं का एक दल गठित किया जाए जो। IQAC SQUADS के नाम से कार्य करेगा। इस हेतु स्वेच्छा से एवं शिक्षकों के अनुभव से प्रस्ताव अनुसार दल का गठन किया जाए। पिछले वर्ष के अनंभव के आधार पर पूर्व से ही कार्यरत ऐसी छात्राऑ की IQAC द्वारा वार्षिकोत्सव मं पुरुस्कृत किया जाए।
2. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर द्वारा छात्राओं की माताओं की आमंत्रित कर एक WOMENS TALK का आयोजन किया जाए जिसमें उनके अनुभव साझा कर सुझाव प्राप्त किये जा सके।

**Action Taken Report**

- IQAC Squad का गठन छात्राओं एवं पूर्व छात्रा के द्वारा किया गया।
- Squad हेतु IQAC द्वारा बैज तैयार कर प्रदान किये गये।
- वर्षिकोत्सव अंतर्गत सम्पूर्ण Squad को सम्मानित किया गया।
- 08 मार्च 2019 को IQAC द्वारा Women's Talk का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के साथ उनकी माताओं को भी चर्चा हेतु आमंत्रित किया गया। इस आयोजन में वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमति प्रतिभा झंवर को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।
- उपरोक्त आयोजन में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से लेंगिक भेदभाव, वित्तीय अस्थिरता, छात्राओं की जल्दी शादी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याऐं एवं घर एवं कार्य स्थल पर प्रतारणा जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

प्राचार्य एवं अध्यक्ष
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
Principal
Govt. Girls College
SEHORE (M. P.)

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

बैठक दिनांक 09/04/2019

दिनांक 09.04.2019 को प्राचार्य कक्ष में IQAC द्वारा बैठक का आयोजन निम्न एजेण्डा हेतु किया गया।

1. छात्रावास की व्यवस्था।
2. लायब्रेरी सुविधा एवं फीडबैक हेतु।
3. स्पोर्ट्स, एन.एस.एस. आदि के फीडबैक हेतु।
4. पर्यावरण अंकेक्षण पर चर्चा।
5. पूर्व छात्रा संगठन संबंधी चर्चा।
6. सत्र 2018–19 का अकादमिक अंकेक्षण।

बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार निम्न प्रकिया संपादित की गई।

1. छात्रावास की व्यवस्था – आगामी नेक को दृष्टिगत रखते हुए छात्रावास के मासिक निरीक्षण प्रतिवेदन एवं प्राचार्य द्वारा किए गए निरीक्षण की टीप के आधार पर की गई कार्यवाही का वर्षवार रिकार्ड एकजाई करा जाए इसकी एक प्रति आई.क्यू.ए.सी. को भी उपलब्ध करायी जाए।
2. लायब्रेरी सुविधा एवं फीडबैक हेतु – प्राचार्य द्वारा वाचनालय समिति को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। फीडबेक फार्म आई.क्यु.ए.सी. द्वारा उपलब्ध कराया गया।
3. स्पोर्ट्स, एन.एस.एस. आदि के फीडबैक हेतु – स्पोंट ऑफिसर एन.एस.एस. एवं कैरियर गाइडैन सेल की अपनी–अपनी गतिविधियों के आयोजन हेतु फीडबेक प्रपत्र प्राप्त कर उन्हे प्राचार्य को प्रस्तुत करना है सत्र 2018–19 का कार्य 30/04/2019 तक अनिवार्यतः करे।
4. पर्यावरण अंकेक्षण पर चर्चा – डॉ. राजेश बकोरिया को कार्यवाही के लिए आदेशित किया गया।
5. पूर्व छात्रा संगठन संबंधी चर्चा – पंजीयन संबंधी कार्यवाही हेतु रवि विरहा से कार्यवाही प्रतिवेदन प्राप्त किया गया।
6. सत्र 2018–19 का अकादमिक अंकेक्षण – समस्त शैक्षणिक स्टॉफ को दिनांक 20/04/2019 से पूर्व अपने रजिस्टर, डायरी एवं 2018–19 के प्लानर प्राचार्य को प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

### Action Taken Report

- छात्रावास निरीक्षण कमेटी को निर्देशानुसार रिकार्ड तैयार कर IQAC को उपलब्ध कराने हेतु प्राचार्य द्वारा निर्देश दिया गया एवं छात्रावास के त्वरित निराकरण हेतु छात्रावास प्रभारी को निर्देशित किया गया।
- लयब्रेरी, स्पोर्ट्स, एन.एस.एस. एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस सेल के प्रभारियों को विद्यार्थियों से फीडबैक प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।
- महाविद्यालयीन पूर्व छात्र संगठन का पंजीयन कराया गया।
- पर्यावरण अंकेक्षण के लिए संबंधित विशेषज्ञ से सम्पर्क किया गया।
- अकादमिक कलेण्डर पर चर्चा की गई।
- सत्र 2018–19 के प्राचार्य द्वारा अकादमिक अंकेक्षण हेतु समस्त शैक्षणिक स्टॉफ से रजिस्टर डायरी एवं प्लानर जांच किये गये।

समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

प्राचार्य Principal
Govt. Girls College
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
SEHORE (M. P.)

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
### बैठक

दिनांक 16/05/2019

आज दिनांक 16.05.2019 को प्राचार्य कक्ष में IQAC द्वारा आगामी NAAC के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक का एजेण्डाः–

- महाविद्यालयीन स्टॉफ के लोकसभा चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण एस.एस.आर. संबंधी समय सीमा में वृद्धि
- पूर्व बैठक दिनांक 09.04.2019 की एक्शन टेकन रिपोर्ट तैयार करना।
- महाविद्यालय में ग्रीन एण्ड क्लीन केम्पस संबंधी कार्यवाही।
- विभागीय प्रोफाईल संबंधी अपडेट।
- पूर्व छात्राओं से आगामी आयोजन संबंधी चर्चा।
- नवीन सत्र 2019–20 हेतु फीडबैक फार्म एवं प्लानर छपाई संबंधी चर्चा।
- पॉनीथीन उपयोग निषेध हेतु कार्यवाही।
- न्यूज लेटर हेतु चर्चा।
- महाविद्यालय में NAAC हेतु व्यवस्थाओं की कमी संबंधी चर्चा।
- IIQA प्रेषित करने हेतु प्राचार्य से दिशानिर्देश प्राप्त करना।

बैठक में चर्चा कर सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये–

- महाविद्यालयीन स्टॉफ के लोकसभा चुनाव कार्य में ड्यूटी लगने एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के तीनों शिफ्ट में आयोजित होने के कारण IQAC की टीम एवं SSR अन्य महाविद्यालयीन स्टॉफ वांछित संबंधी कार्य समय पर पूर्ण नही कर पाए अतः दिनांक 27.05.2019 से 15.06.2019 तक के ग्रीष्मावकाश को दृष्टिगत रखते हुए प्राचार्य द्वारा सभी को SSR संबंधी कार्य माह जुलाई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
- पॉलीथीन उन्मूलन हेतु महाविद्यालय परिसर को पॉलीथीन फ्री केम्पस बनाये जाने संबंधी गतिविधियों के आयोजन हेतु डॉ. मंजरी अग्निहोत्री को निर्देशित किया गया।
- श्री रवि स्वरूप विरहा एल्यूमीनि संबंधी एक्टेंशन एक्टिविटी आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया।
- स्टूडेंट फीडबैक को आई.सी.टी. से जोड़ने की पहल करते हुए यह निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित फीडबैक फार्म को गूगल फार्म द्वारा लिंक तैयार कर विद्यार्थियों से ऑनलाईन भरवाया जाए। यह कार्य सत्र 2018–19 से लागू होगा ऑफलाईन सुविधा भी कुछ विशेष परिस्थितियों में उपयोग की जा सकेगी इस संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।
- समस्त विभागों की विभागीय प्रोफाईल नवीनसत्र प्रारंभ होने से पूर्व दिनांक 20 जून तक अनिवार्यतः महाविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड की जाए।

❖ न्यूज लेटर समिति को 30 जून तक कार्य पूर्ण करने के निर्देशिन दिए गए।

❖ क्लीन एवं ग्रीन केम्पस अंतर्गत स्वच्छता समिति का गठन किया गया जो मासिक प्रतिवेदन प्राचार्य को प्रस्तुत करेगी।

❖ नवीन सत्र 2019–20 हेतु उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त प्रवेश संबंधी नियमों का सभी विभागाध्यक्षों को वितरित किए गए एवं नियमानुसार प्रवेश कार्य को संपादित करने हेतु निर्देशित किया गया एवं अकादमिक कलण्डर सत्र 2019–20 हेतु उपलब्ध करया गया।

Action Taken Report

- इको क्लब / स्वच्छता समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- ऑनलाईन फीडबैक हेतु फार्म तैयार किया गया।
- ऑनलाईन प्रवेश कार्य सुचारू रूप से संचालित किया गया।
- पूर्व छात्रसंघ का पंजीकरण प्रमाण–पत्र प्राप्त किया गया।
- एन.एस.एस. द्वारा महाविद्यालय में पॉलीथीन उन्मूलन संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई।
- प्रवेश संबंधी हेल्पडेस्क संचालित किया गया।
- IIQA तैयार किया गया।

समन्वयक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

प्राचार्य एवं अध्यक्ष
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
Govt. Girls College
SEHORE (M. P.)